**Regarding railway related issues of Thane Parliamentary Constituency, Maharashtra- Laid**

श्री नरेश गणपत म्हस्के **(ठाणे) :** ठाणे लोकसभा क्षेत्र की आबादी लगभग 26 लाख है और यहां के निवासियों के लिए रेलवे परिवहन का प्रमुख साधन है । रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिलने में देरी के कारण कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्य रेलवे द्वारा 949 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत का एक प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है,जो अभी भी मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहा है ।ठाणे देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक है और इसका आधुनिकीकरण अत्यंत आवश्यक है और ठाणे स्टेशन पर मुलुंड की ओर एक नए फुट ओवर ब्रिज (FOB) की तत्काल आवश्यकता है ।यह ब्रिज प्लेटफॉर्म नंबर 1 को प्लेटफॉर्म नंबर 7 और 8 से जोड़ेगा, साथ ही स्टेशन के पूर्व और पश्चिम हिस्से को भी कनेक्ट करेगा, जिससे यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में बड़ी मदद मिलेगी । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि वे इन दोनों जन-महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दें और रेलवे बोर्ड को इन्हें शीघ्र मंजूरी देने का निर्देश दें, ताकि ठाणे के लाखों यात्रियों को राहत मिल सके और उनकी यात्रा सुगम एवं सुरक्षित हो सके ।